प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

सी एम प्रचार

दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू स्टार प्रचारक के रूप में आज शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अगले तीन दिनों तक दिल्ली में कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। पार्टी की ओर से प्रदेश से केवल मुख्यमंत्री को ही स्टार प्रचारक के रूप में दिल्ली भेजा गया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आगामी 5 फरवरी को मतदान होगा और 8 फरवरी को परिणाम घोषित होंगे।

राजेश धर्माणी

नगर नियोजन और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आगामी केन्द्रीय बजट में हिमाचल को विकास कार्यों के लिए अधिक धनराशि देने की वकालत की है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पहाड़ी राज्य होने के कारण हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां दूसरे राज्यों की अपेक्षा भिन्न हैं और यहां परियोजनाओं के निर्माण में अधिक धनराशि खर्च होती है। राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमाचल जंगलों की देखभाल करता है जिससे वन क्षेत्र में लगातार वृद्धि हो रही है। इसलिए प्रदेश को ग्रीन बोनस दिया जाना चाहिए।

दुर्घटना

बीती शाम जिला सोलन के अर्की से प्रयागराज महाकुंभ के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक निजी बस कौशाम्बी–फतेहपुर सीमा पर एक क्रेन से जा टकराई जिसमें 25 श्रद्धालु घायल हो गए। इनमें एक महिला को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय विधायक संजय अवस्थी ने आकाशवाणी से बातचीत करते हुए बताया कि वे वहां के स्थानीय प्रशासन और घायलों के परिजनों के साथ लगातार सम्पर्क में है। उन्होंने घायलों के परिजनों से संयम बरतने की अपील की।

अवैध खनन

जिला चम्बा के मसरूंड वन परिक्षेत्र में हुए कशमल के अवैध खनन को लेकर जिला की झुलाड़ा, कुठेड़, मसरूंड व कोहाल पंचायत के लोगों ने रोष जताया है। निजी भूमि की आड़ में बड़ी मात्रा में वन भूमि पर कशमल के अवैध खनन को लेकर रेटा में एक चिंतन शिविर आयोजित किया गया।

इस चिंतन शिवर में चंबा के प्रसिद्ध पर्यावरण प्रेमी रतन चंद विशेष तौर से उपस्थित रहे। रतन चंद ने कशमल को धरती पर एक वरदान बताते हुए इसके अवैध खनन पर नकेल कसने की आवश्यकता जताई।

सोलन पीलिया

सोलन शहर में पीलिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए जलशक्ति विभाग ने अश्विनी पेयजल योजना से पानी की आपूर्ति ऐहतियात के तौर पर बंद कर दी है। विभाग द्वारा अलग–अलग जगहों से पानी के सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। जलशक्ति विभाग के एस.डी.ओ. ऐन सिंह ने बताया कि शहर में पानी के सभी टैंकों की सफाई भी सुनिश्चित की जा रही है।